प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–13.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल की पीजी छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या से देश भर के डाक्टरों में आक्रोश है। घटना के विरोध में आज से जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। झारखंड में आपातकाल सेवा को छोड़कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। आंदोलनकारी डॉक्टर मामले की सीबीआई जांच और कार्यस्थल पर डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। रिम्स के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित कुमार ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा और मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। इस बीच, आईएमए के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गयीं, तो सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों के डॉक्टर भी हड़ताल पर जायेंगे।

********************

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए आवेदन का आंकड़ा 30 लाख के करीब पहुंच गया है। विभाग के अनुसार 17 लाख आवेदन ऑनलाइन और 13 लाख ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रक्षा बंधन के दिन इस योजना की पहली किस्त जारी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा है कि इस महीने के अंत तक सभी लाभुकों के खाते में सम्मान राशि भेज दी जायेगी।

********************

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आज खूँटी के कचहरी मैदान में परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। कचहरी मैदान में होनेवाले सार्वजनिक कार्यक्रम में जैप, जिला पुलिस बल, एनसीसी के साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने परेड में हिस्सा लिया। इस बार स्वतंत्रता दिवस परेड मे जैप, जिला पुलिस बल, एनसीसी के साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी और बैंड के साथ 11 टुकड़ियाँ भाग लेंगीं।

********************

हजारीबाग के सरकारी बालिका मध्य विद्यालय की तस्वीर, स्थानीय लोगों के प्रयास से बदल गई है।

********************

सरकार ने राज्य के गृहरक्षकों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य भत्ता देने का फैसला लिया है। इस सिलसिले में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। अब गृह रक्षकों को 500 रुपये की जगह एक हजार अठासी रुपये. दैनिक कर्तव्य भत्ता दिया जायेगा।

********************

बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के दारिद पंचायत में एक स्कूल को तोड़े जाने के विरोध में एक 68 वर्षीय साध्वी ने आत्मदाह कर लिया। बुजुर्ग महिला ने अपने आप को स्कूल में बने एक कमरे में बंद कर इस घटना को अंजाम दिया, जिससे वह बुरी तरह जल गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

********************

जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान अंबेडकर नगर निवासी लोकनाथ ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना स्थल से पांच

खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान तेज कर दी गयी है।

*******************

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि राज्य में मानसून फिर सक्रिय होगा। इससे राज्य के अलग–अलग हिस्सों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। आज राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि 16 अगस्त के बाद मानसून थोड़ा कमजोर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

*******************

और अब फुटबॉल झारखंड की बालिका टीम सुब्रतो कप के फाइनल में पहुंच गयी है। कल झारखंड ने हरियाणा को दो के मुकाबले चार गोलों से हराया। झारखंड की ओर से क्रांति उरांव, प्रतिभा भोक्ता, ललिता बोईपोई और संजना उरांव ने गोल दागे।

*******समाप्त***********